कार्यालय कुलसचिव

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्रांकः सीएसएयू/आर–4108 /2023–24 दिनांकः फरवरी 9, 2024

सूचना

विश्वविद्यालय के स्नातक, परास्नातक एवं पी–एच0डी0 के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को (इटावा कैम्पस को छोड़कर) सूचित किया जाता है कि उनका **द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम, अष्टम् एवं दशम् सेमेस्टर शैक्षणिक सत्र–2023–24 (जनवरी–जून 2024) में पंजीकरण दिनांक 19.02.2024 से 24.02.2024 तक आनलाइन शुल्क जमा कर किया जायेगा।** जो छात्र/छात्रायें दिनांक 24.02.2024 तक शुल्क जमा नही कर पायेंगें वे **दिनांक 25. 02.204 से 27.02.2024 तक प्रतिदिन रू0 50.00** की दर से **विलम्ब शुल्क** के साथ आनलाइन पंजीकरण करा सकते है। **दिनांक 27.02.2024 के उपरान्त होने वाले आफलाइन पंजीकरण विश्वविद्यालय के शैक्षिक नियमों में प्राविधानित व्यवस्थानुसार ही मान्य होंगें, जिसके लिए छात्र/छात्रायें स्वयं उत्तरदायी होगें।** निर्धारित तिथि के उपरान्त आगामी 07 कार्य दिवसों तक सम्बन्धित अधिष्ठाता की संस्तुति पर ही रू0 50.00 प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क के साथ आफलाइन माध्यम से सेमेस्टर शुल्क कुलसचिव कार्यालय में जमा कर सकेंगें। **उपरोक्त सेमेस्टरों का शैक्षणिक सत्र 26.02.2024 से प्रारम्भ होगा।**

आनलाइन पंजीकरण हेतु छात्र/छात्रायें निम्न प्रक्रिया (Step) अपनायें

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट के www.csauk.ac.in के होम पेज पर प्रदर्शित (Announcement) पर जायेंगें।
2. उद्घोषणा (Announcement) में Submit fee button पर क्लिक करने पर SBI Collect की साइट खुलेगी।
3. I have read and accepted the terms and condition के चेक बाक्स पर क्लिक करने के उपरान्त Proceed बटन पर क्लिक करेंगें।
4. इसके उपरान्त अपनी स्टूडेन्ट आई0डी0 नम्बर डाल कर आगे की प्रक्रिया सम्पादित करेंगें। उदाहरण के लिएः–

CF-0502/2020	CH-2232/2020	HR-0190/2020
CL-0220/2020	CHD-0015/2023	CA-16000/2023

5. किसी प्रकार की असुविधा के लिए विश्वविद्यालय के फोन नं0 0512–2970000 एवं 0512–2533704 पर सम्पर्क कर सकते है।

(पी0 के0 उपाध्याय)
कुलसचिव

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अर्थनियंत्रक।
2. अधिष्ठाता,कृषि संकाय/गृह विज्ञान संकाय/कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी/वानिकी महाविद्यालय/उद्यान महाविद्यालय/हरदोई महाविद्यालय।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
4. प्रभारी, ए0 के0 एम0 यू0 को इस आशय से कि उक्त सूचना को वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. श्री शेखर रावत कनिष्ठ सहायक/फीस पटल को इस निर्देश के साथ कि समस्त संकाय के छात्रों का डाटा तैयार करायें।
6. श्री महेन्द्र कुमार, अर्थनियंत्रक कार्यालय को इस आशय से कि आनलाइन शुल्क से सम्बन्धित कार्य पूर्व की भॉति सम्पन्न करने का कष्ट करें।
7. कुलपति के तकनीकी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
8. गार्ड फाइल, कुलसचिव कार्यालय।
9. सूचना पट।

(पी0 के0 उपाध्याय)
कुलसचिव

Saty.Exam. letter